प्रादेशिक समाचार

दिनांक–07.09.2024 (संध्या 1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. **केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने राज्य सरकार पर भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का लगाया आरोप, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने रांची नगर निगम की व्यवस्था पर उठाये सवाल।**
2. **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित शिक्षकों के साथ किया संवाद, बोकारो की शिक्षिका डा. आशा रानी से कहा– बच्चों को वैदिक मैथमैटिक्स की दें जानकारी।**
3. **झारखंड समेत देशभर में आज से हर्षो–उल्लास के साथ गणेश चतुर्थी पर्व की शुरुआत; राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने देशवासियों को दी बधाई।**

और

4. **मौसम विभाग ने रांची, पलामू और कोल्हान के इलाकों समेत राज्य के अधिकतर हिस्सों में अगले चार दिनों तक जताई भारी बारिश होने की संभावना।**

****

केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने राज्य सरकार पर भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का आरोप लगाया है। गिरिडीह जिले में सरिया महाविद्यालय परिसर में चार कमरों के भवन की आधारशिला रखने के बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि राज्य में संचालित योजनाओं में लगातार वित्तीय अनियमतता की शिकायत मिल रही है और यह सरकार के संरक्षण के बिना संभव नहीं है।

****

रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने रांची नगर निगम की व्यवस्था पर सवाल उठाये हैं। निगम के कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि रांची को राजधानी बने 24 साल हो गये लेकिन अभी भी यहां मूलभूत नागरिक सुविधाओं का घोर अभाव है। श्री सेठ ने निगम के अधिकारियों को खामियों को दूर करने और नागरिक सुविधाओं के विस्तार का निर्देश दिया।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित शिक्षकों के साथ बातचीत की। श्री मोदी ने उनके साथ राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रभाव के बारे में चर्चा की और मातृभाषा में शिक्षा के महत्व पर बल दिया। संवाद कार्यक्रम में भाग लेते हुए बोकारो की शिक्षिका डॉक्टर आशा रानी ने प्रधानमंत्री के साथ अपने अनुभव साझा किये।

प्रधानमंत्री ने डॉक्टर आशा रानी को बच्चों को वैदिक मैथमैटिक्स से अवगत कराने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि वैदिक मैथमैटिक्स से बच्चों में गणित के प्रति रुचि बढ़ सकती है।

****

झारखंड सरकार ने सभी वकीलों का पांच लाख रूपये का चिकित्सा बीमा करने का निर्णय लिया है। इससे राज्य में तीस हजार वकीलों को लाभ होगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल बैठक में यह निर्णय लिया गया। 65 वर्ष और इससे अधिक आयु के वकीलों की पेंशन

में भी वृद्धि करने का निर्णय लिया गया। महाधिवक्ता राजीव रंजन ने कहा कि झारखंड ही एक ऐसा राज्य हैं जिसने वकीलों के हित में लिए गए निर्णय से पूरे देश में एक उदाहरण पेश किया है।

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि झारखंड की संस्कृति और परंपराओं को संरक्षित रखना उनकी पहली प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री आज अपने रांची स्थित आवास पर केन्द्रीय सरना समिति के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात कर रहे थे। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को हरमू में 14 सितम्बर को होने वाले करमा पूजा महोत्सव में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया।

****

राज्य में पुलिस और जनता के बीच बेहतर तालमेल के लिए पुलिस मुख्यालय ने एक विशेष पहल की है। दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के पुलिस उप महानिरीक्षक अनूप बिरथरे ने आज बताया कि राज्य भर में दस सितंबर से जन शिकायत समाधान कार्यक्रम शुरू किया जा रहा है। यह कार्यक्रम हर जिले में हर महीने एक बार आयोजित होगा।

****

बोकारो जिले से पुलिस ने लगातार चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे चोर गिरोह के एक अपराधी को गिरफ्तार किया है। जिले के पुलिस अधीक्षक पूज्य प्रकाश ने आज बताया कि चोर की निशानदेही पर चोरी का सामान खरीदने वाले दो लोगों को भी गिरफ्तार किया गया है।

****

रामगढ़ जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लोग अपनी खाली पड़ी भूमि पर फलदार और इमारती लकड़ियों के पौधे लगाने और उसकी सुरक्षा पर सजग दिख रहे हैं। और जानकारी के साथ हमारे संवाददाता–

****

पेरिस पैरालम्पिक खेलों में भारतीय एथलीटों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 27 पदक जीते हैं। इनमें छह स्वर्ण, नौ रजत और बारह कांस्य पदक शामिल हैं।

****

राज्य सहित दे"ाभर में गणे"ा चतुर्थी का पर्व हार्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गणेश चतुर्थी के अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया पर राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि यह त्योहार देश के कई हिस्सों में सामूहिक उल्लास तथा सामाजिक ऊर्जा का एक सुंदर उदाहरण है।

****

मौसम विभाग ने अगले चार दिन रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की। इसके लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद के अनुसार बंगाल की खाड़ी में एक निम्न दबाव का क्षेत्र बन रहा है, जिसका असर राज्य के कई हिस्सों में दिख सकता है। रांची में इसका असर नौ और 10 सितंबर को हो सकता है।

********समाप्त********